कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांकः 12.03.2022

गर्ल्स कॉलेज में कार्यशाला
कॅरियर बनाने ले संकल्प : डॉ. अतुलकर

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल के तत्वाधान में विज्ञान संकाय की स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विशेष रोजगार केन्द्र रायपुर की उपसंचालक डॉ. श्रीमती शशिकला अतुलकर थी।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थी कॅरियर के उस पड़ाव में पहुँच चुके है जहाँ पर उचित निर्णय और जानकारी का होना आवश्यक रहता है। जानकारी के अभाव में हमें कई बार असफलता का सामना करना पड़ता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि सतत भविष्य के लिए मार्गदर्शन का होना उपयोगी है। हमें सबसे पहले विभिन्न रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। आवेदन से लेकर परीक्षा तक की पूर्ण प्रक्रिया का ज्ञान होना सफलता को सुरक्षित करता है।

मुख्य वक्ता विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. श्रीमती शशिकला अतुलकर ने कहा कि विज्ञान के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए शासकीय एवं नीजि क्षेत्र में रोजगार के बहुत से अवसर है तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में भी वे कदम रख सकते है। उन्होनें सिविल सर्विसेज के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि संघ लोकसेवा आयोग के द्वारा लगातार विज्ञापन के माध्यम से विभिन्न उपक्रमों के लिए रिक्तियों की जानकारी दी जाती है। बैंकिंग एवं रेल्वे क्षेत्र में भी रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं उनकी चयन प्रक्रियाओं के बारे में उन्होनें बताया। डॉ. अतुलकर ने छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें पर विशेष फोकस करते हुए विस्तार से चर्चा की तथा छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया।

कार्यशाला में आभार प्रदर्शन डॉ. रेशमा लाकेश ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)